परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय - 2, मुंबई

आवधिक परीक्षा - 1 (2023-2024)

कक्षा : चौथी	विषय - हिंदी	दिनांक :	पूर्णांक :40
नाम :----------------------------	वर्ग : _____	अनुक्रमांक : _______	प्राप्त अंक :_____
निरीक्षक : _______________	परीक्षक : _______________	जाँचकर्ता : _______________	

****

प्र.- नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो | (4)

अकबर ने बीरबल से ख्वाजा का पहला प्रश्न पूछा, "संसार का केंद्र कहाँ है?" बीरबल ने तुरंत अपनी छड़ी ज़मीन में गाड़कर उत्तर दिया, "यही स्थान चारों ओर से दुनिया के बीचों-बीच पड़ता है। यदि ख्वाजा साहब को विश्वास न हो तो वे फ़ीते से सारी दुनिया को नापकर दिखा दें की मेरी बात गलत है।" अकबर ने दूसरा प्रश्न किया, " आकाश में कितने तारे हैं?" बीरबल ने एक भेड़ मँगवाकर कहा, " इस भेड़ के शरीर में जितने बाल हैं, उतने ही तारे आसमान में हैं। ख्वाजा साहब को इसमे संदेह हो तो वे बालों को गिनकर तारों की संख्या से तुलना कर लें |

1) ख्वाजा साहब का पहला प्रश्न क्या था ?

----

2) बीरबल ने पहले प्रश्न का क्या उत्तर दिया ?

----

3) बीरबल ने दूसरे प्रश्न का क्या उत्तर दिया ?

----

4) खाली स्थान भरो |

क) यदि ख्वाजा साहब को --------------- न हो तो वे फ़ीते से सारी दुनिया को नापकर दिखा दें।

प्र.- नीचे लिखे पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो | **(4)**

झब्बर-झब्बर बालों वाले
गुब्बारे से गालों वाले
लगे दौड़ने आसमान में
झूम-झूम कर काले बादल।
कुछ जोकर-से तोंद फुलाए
कुछ हाथी-से सूंड उठाए
कुछ ऊँटों-से कूबड़ वाले
कुछ परियों-से पंख लगाए

1) 'झब्बर-झब्बर बालों वाले' किसे कहा गया है?...

----

2) बादलों का रंग कैसा बताया गया है?

----

3) बादल कहाँ दौड़ लगा रहे हैं?

----

4)तुक मिलाओ ।

फुलाए - ----------------------------

प्र.- नीचे लिखे शब्दों के समान अर्थ लिखो। (2)

1) संसार - ------------------------ 2) बुद्धिमान - ------------------------

3) विश्वास - ------------------------ 4) ज़मीन - ---------------------------

प्र. - नीचे लिखे मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग करो | (2)

क) कलई खुलना - --

ख) छक्के छूटना - ---

प्र.- इन्हें क्या कहेंगे ? (3)

क) जिस मकान में दो मंजिलें हों।

ख) जिस जगह पर चार राहें मिलती हों।

ग) जिस स्कूटर में दो पहिये हों।

प्र.- अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके लिखो। (4)

क) अभीमान - -------------------- ख) मूसीबत - --------------------

ग) इमानदारी - -------------------- घ) तुफ़ानी - --------------------

प्र.- विलोम शब्द लिखो। (4)

क) दोस्त - ------------------------ ख) धरती - ----------------------

ग) सवाल - ------------------------ घ) गलत - ----------------------

प्र.- वचन बदलो । (4

क) गुब्बारा - ---------------------------- ख) नदी - ---------------------------

ग) शैतानी - ---------------------------- घ) सड़क - ---------------------------

प्र.- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो । **(4)**

क) दीपक बार-बार गेंद को अपनी क्यों बता रहा था ?

ख) टहनी और तने में क्या अंतर है? लिखो।

प्र.- बताओ, कौन-कौन सी सब्ज़ियाँ बेल और पौधे पर लगती हैं? **(2)**

बेल	पौधे
---------------------------	---------------------------
---------------------------	---------------------------

प्र.- शब्दों को सही क्रम में लिखकर वाक्यों को शुद्ध करो । **(2)**

क) प्रश्न / साहब / तीन / ख्वाजा / पूछना / हैं। / चाहते

ख) गेंद / की / खोई / महीने / दीपक / पाँच / पहले / थी।

प्र.- नीचे दिए गए वाक्यों को सुंदर अक्षरों में लिखिए । (5)

एक था जंगल। उस जंगल में एक शेर भोजन करके आराम कर रहा था| इतने में एक मक्खी उड़ती-उड़ती वहाँ आ पहुँची | शेर ने दो-तीन दिनों से स्नान नहीं किया था| इसलिए मक्खी शेर के कान के एकदम पास भिन-भिन करने लगी| शेर को बहुत मुश्किल से नींद आई थी| उसने पंजा उठाया।

****